## एक नजर में

### धनतेरस पर भीड़ बढ़ने से बाजार में आई रौनक



**मेघनगर .** शनिवार को हाट बाजार का दिन होने के साथ-साथ दीपावली का त्योहार आज धनतेरस के अवसर पर हाट बाजार में सुबह से ही भीड़ देखने को मिली भीड़ के कारण बाजार तो गुलजार हुआ , वहीं कई दिनों से व्यापारी अपनी अपनी दुकान सजाकर ग्रहाक का इन्तजार कर रहे थे कि आज धनतेरस पर धन की वर्षा हुई हो ऐसा बाजार का माहोल देखने को मिला प्रत्येक दुकान पर ग्रहाको की भीड़ छोटा व्यापारी हो बड़ा व्यापारी खुश दिखाई दे रहा था दिपावली के त्योहार के कारण समिपथ राज्यों में काम पर गए लोग परिवार को लेकर आज से वापस अपने गांव घर लोट ने लगे हे मेघनगर झाबुआ जिले का हि नहीं मध्यप्रदेश गुजरात राजेस्थान का प्रमुख रेलवे स्टेशन होने के कारण दोनों राज्यों से आने वाली ट्रेन मेघनगर रेल्वे पर रुकती है मेघनगर के आस पास के लोगों के साथ साथ अलिराजपुर धार बड़वानी खरगोन बांसवाड़ा कुशलगढ़ 6 जिले को लोगों को मेघनगर से बस या निजी वाहन से जाना पड़ता है दिपावली का अवसर शनिवार का दिन धनतेरस पर बाजार तीनों का संजोग के कारण मेघनगर के बाजार में दिन भर रोकने रही खुब हुआ व्यापार बिका लाखों का सामान ..

### पुरोहित और भंडारी बने जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य



**पेटलावद।** जिला विकास सलाहकार समिति झाबुआ का गठन मध्यप्रदेश शासन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल द्वारा किया गया है। झाबुआ जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह के माध्यम से केबिनेट मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया व जिलाध्यक्ष भानु भूरिया की अनुशंसा पर गठित इस 20 सदस्यीय समिति में पेटलावद नगर के वरिष्ठ अभिभाषक विनोद पुरोहित और वरिष्ठ व्यापारी विनोद भंडारी को सदस्य नियुक्त किया गया है। पेटलावद नगर से दो वरिष्ठजनों को समिति में स्थान मिलने पर नगर में उत्साह का माहौल है। नागरिकों, सामाजिक संगठनों व प्रतिष्ठित जनों ने दोनों ही वरिष्ठों को हार्दिक बधाई देते हुए जिले के समग्र विकास हेतु अग्रिम शुभकामनाएँ दीं। नगर के ब्राह्मण समाज, सकल जैन समाज, लायंस क्लब सेंट्रल, लायंस क्लब ग्रेटर, रोटरी क्लब सहित अन्य सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने पुरोहित और भंडारी को बधाई प्रेषित की।अभिभाषक विनोद पुरोहित ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं और नगर में होने वाले धार्मिक व सामाजिक आयोजनों में सदैव सक्रिय भूमिका निभाते हैं। वे नगर परिषद के पार्षद और सांसद प्रतिनिधि के रूप में भी सफल कार्यकाल निभा चुके हैं। इस अवसर पर पुरोहित ने कहा हमारी विधायक एवं केबिनेट मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया सदैव विकास की बात करती हैं। उन्होंने जो जिम्मेदारी हमें सौंपी है, हम उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे और जिले के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएँगे। 20 सदस्यीय समिति के सदस्य : श्याम ताहेड, विनोद पुरोहित, विनोद भंडारी, शालीग्राम पाटीदार, लाखनसिंह सोलंकी, दिलीप कुशवाह, डॉ. वैभव सुराना, रमेश गुर्जर, नवीनचंद्रसिंह बोडायता, अनिल भंसाली, शांतिलाल मुनिया, कार्तिक नीमा, राजू भगत, संदेश सेठिया, मुकेश नागौरी, जीतेंद्र गेहलोत, संगीता सोनी, जितेंद्र जैन, अनिल हटिला और रजनीश गामड की नियुक्त किया गया ।इस समिति का गठन झाबुआ जिले में विकास कार्यों को गति देने और शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँचाने के उद्देश्य से किया गया है।

### धन्वंतरी जयंती पर शासकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में भगवान श्री धन्वन्तरी की प्रतिमा स्थापना की



**झाबुआ।** आयुष्य, स्वास्थ्य एवं ऐश्वर्य के पावन पर्व धनतेरस पर धन्वंतरी जयंती के उपलक्ष में 18 अक्टूबर, शनिवार को शासकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में भगवान श्री हरि विष्णु के अंशावतार, आयुर्वेद के जनक एवं स्वास्थ्य के देवता भगवान श्री धन्वन्तरी की प्रतिमा की मंत्रोच्चारण द्वारा पूजा-अर्चना कर विधि-विधान से स्थापना की गई।

मुख्य अतिथि संभागीय आयुष अधिकारी इंदौर संभाग डॉ. मीना भायल एवं वरिष्ठ आयुर्वेद विशेषज्ञ जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय डॉ. रमेश भायल के करकमलों द्वारा पूजन एवं हवन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशेष अतिथि जिला आयुष अधिकारी डॉ. कलमसिंह बारिया एवं विभाग के चिकित्सा अधिकारी डॉ. पार्वती रावत, डॉ. कैलाश पाटीदार, डॉ. सुनीता खराड़िया, डॉ. नरेंद्र चौहान, डॉ. निलीमा चौहान, डॉ. नीलम चौहान, डॉ. दिपेश टेलर, डॉ. गोपाल मौर्य एवं डॉ. निलेश खतेडिया तथा कार्यालय से रत्नाप्रेम पंवार शामिल हुई। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य नागरिकों ने भी सहभागिता की।

### दशा नीमा समाज द्वारा 21 अक्टूबर से 2 नवंबर तक किए जाएंगे विभिन्न आयोजन

**झाबुआ।** दशा नीमा समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली पर्व को लेकर 21 अक्टूबर से 2 नवंबर तक विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। जिसमें समाज के सभी लोगों से उपस्थित रहने हेतु आव्हान किया गया है। जानकारी देते हुए नीमा समाज अध्यक्ष मनीष कोठारी एवं सचिव राकेश शाह ने बताया कि 21 अक्टूबर मंगलवार को श्री चारभुजानाथ मंदिर में भगवान को छप्पन भोग लगाया जाएगा। जिसकी प्रसादी समाज के सभी घरों से तैयार कर लाई जाएगी। 22 अक्टूबर, बुधवार को अन्नकूट (भोजन प्रसादी) में समाज के सभीजनों से पधारकर लाभ लेने हेतु अपील की गई है। 30 अक्टूबर से 2 नवंबर तक समाज के भोज मार्ग स्थित मांगलिक भवन में सुंदरकांड पाठ, श्री सत्यनारायण भगवान की कथा, निर्धन एवं नि:शक्त बच्चों को भोजन, रांगोली एवं अन्य कार्यक्रम और तुलसी विवाह का आयोजन होगा। जिसमें 1 नवंबर को श्री सत्यनारायण भगवान की कथा दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक पं. विश्वनाथ शुक्ल द्वारा पढ़ाई जाएगी। रात्रि 8 बजे से सुंदरकांड बाहर की टीम द्वारा होगा। 2 नवंबर को भोजन प्रसादी निर्धन एवं नि:शक्त बच्चो के लिए एवं इसी दिन तुलसी विवाह का आयोजन श्री चारभुजानाथ मंदिर पर होगा।


नवभारत

झाबुआ में अखबार, विज्ञापन व समाचार हेतु संपर्क करें:

बाली न्यूज एजेंसी

(लक्की शर्मा झाबुआ जिला ब्यूरो)

मो. न.- 6260765562, 7470402906

कार्यालय -राजवाडा ( झाबुआ )








# बाजार में व्यापारियों के यहां करोड़ों का कारोबार

- धनतेरस पर दिनभर बाजार रहा गुलजार
- आभूषणों, बर्तनों, कपड़ों, व्हीकल शोरूम, इलेक्ट्राक्निस एवं फनिर्चर की दुकानों पर दिनभर रहीं भीड़

**झाबुआ।** तिथि अनुसार लोगों द्वारा धनतेरस पर्व 18 अक्टूबर, शनिवार को मनाया गया। इस दिन शहर के बाजारों में दिनभर भीड़ रहीं। लोगों द्वारा बाजार से विभिन्न सामग्रीयों की खरीदी की गई। विशेषकर आभूषण, बर्तनों, कपड़ों, व्हीकल शोरूम, इलेक्ट्रानिक्स एवं फनिर्चर की दुकानों पर भीड़ देखने को मिली। यहां दिनभर खरीदी का दौर चला। एक अनुमान के मुताबिक बाजार में व्यापारियों के यहां दिनभर में करोड़ों का व्यापार हुआ। वहीं ज्योतिषों के अनुसार धनतेरस पर्व पर खरीदी का मुर्हुत 19 अक्टूबर, रविवार को है।

धनतेरसर पर शहर के बाजार सुबह से ही गुलजार रहे। शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग बाजार में खरीदी हेतु पहुंचे। बाजार में आभूषण, बर्तनों, कपड़ों, व्हीकल शोरूम, इलेक्ट्राक्निस एवं फनिर्चर आयटमों की दुकाने सजी रहीं। जहां लोगों ने पहुंचकर खरीदी की। बाजार में दिनभर विशेष रौनक देखने को मिली। आभूषण व्यवसायी कमलेश सोनी ने बताया कि सोने-चांदी के दामों में तेजी के बावजूद ग्राहकी पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है। लोगों द्वारा मुर्हुत में सोने की चेन, मंगलसूत्र, अंगूठी खरीदने के साथ चांदी के आभूषण में हाथ में पहनने का कड़ा, पायजप, बिछुड़ी, कान के बाले आदि खरीदे जा रहे है। दीपावली पर्व तक खरीदी का क्रम चलेगा। बर्तन व्यवसायी कैलाशचन्द्र श्रीमाल के अनुसार लोगों ने स्टील एवं एल्यूमिनियम के बर्तनों में दीपक, लोटा, कोठी, गैस चूल्हा, ओवन, घड़ा आदि की खरीदी की। धनतेरस पर बिक्री अच्छी रहीं। कपड़ा व्यवसायी रितेश कोठारी ने जानकारी दी कि मेनस, वूमनस में रेडिमेड वस्त्रों की डिमांड अधिक है। जिसमें मेनस में शर्ट, टीशर्ट, जींस, टाऊजर के साथ वूमनस में सलवार-कुर्ती और बच्चों के कपड़ों की बिक्री अधिक हो रहीं है।

### वाहनों की जमकर हुई खरीदी

इस दिन लोगों ने वाहनों की भी जमकर खरीदी की। राजगढ़ नाका पर नाकोड़ा शोरूम के संचालक मुकेश जैन 'नाकोड़ा' ने बताया कि मुर्हुत अनुसार लोगों ने हीरो कंपनी के दो पहिया वाहन खरीदे। बुकींग का क्रम पिछले एक महीने से चल रहा है। खरीदी का क्रम दीपावली पर्व तक चलेगा। महिन्द्रा टेऊक्टर शो-रूम के राजकुमार पाटीदार ने बताया कि जिले के आसपास के क्षेत्रों से ग्रामीण एवं किसानों द्वारा मुर्हुत में ट्रेक्टर खरीदे गए। बाद उनकी पूजन कर एवं नारियल बदारकर घर ले गए।

> **रविवार को भी चलेगा खरीदी का क्रम**
>
> ज्योतिषों के अनुसार 19 अक्टूबर, रविवार को धनतेरस का मुर्हुत होने एवं रविवार को हाट का दिन रहने से शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी तादाद में लोग खरीदी के लिए पहुंचेंगे। रविवार को भी दिनभर खरीदी का क्रम चलेगा। शुभ मुर्हुत में लोगों द्वारा घरों एवं प्रतिष्ठानों पर माता लक्ष्मी, भगवान श्री गणेश एवं माता सरस्वतीजी की पूजन के साथ धन के देवता कुबेरजी की भी पूजन की जाएगी। इसके साथ ही बाजार में मोबाईल दुकानों पर भी भीड़ देखने को मिल रहीं है। युवाओं द्वारा नए मोबाईल खरीदे जा रहे है। होटलों पर मिठाईयों की जमकर बिक्री हो रही है। सजने-संवरने हेतु सौंदर्य प्रसाधन की खरीदी की जा रहीं है। त्यौहारी सीजन में बाजार पूरी गुलजार होने के साथ दीपावली को लेकर लोग अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर विशेष सजावट भी कर रहे है।

# खाटू श्याम तेरे दर पे मैं भिखारी बनकर आया ... झोली भरकर ले गया

- गोपाल कॉलोनी में श्री खाटू श्याम संकिर्तन में झूमे रसिकगण, देर रात 1 बजे तक चला श्री खाटू श्याम
- संकिर्तन का आयोजन



**झाबुआ। शहर के गोपाल कॉलोनी में गोपाल मंदिर के समीप सेवानिवृत्त शिक्षाविद् पद्मावती त्रिवेदी के निवास पर करने वाला श्याम, करवाने वाला श्याम परिवार द्वारा 17 अक्टूबर, शुक्रवार रात श्री खाटू श्याम संकिर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें श्री सिद्धी विनायक म्यूजिकल आर्केस्ट्रा पार्टी द्वारा श्री खाटू श्याम भगवान के समधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। जिस पर श्रोतागणों ने आनंदित होकर नृत्य किया।**

भजन संध्या रात साढ़े 8 बजे से आरंभ हुई। सर्वप्रथम श्री खाटू श्यामजी की झांकी सजाकर अखंड ज्योत प्रज्जवलित की गई। बाद बारी-बारी से सभी ने श्री खाटू श्याम प्रभु के दर्शन के साथ अखंड ज्योत में आहूतियां प्रदान की। तत्पश्चात् श्री खाटू श्याम संकिर्तन आयोजन आरंभ हुआ। जिसमें श्री सिद्धी विनायक म्यूजिकल आर्केस्ट्रा पार्टी के युवा भजन गायक विरेन्द्रसिंह चौहान एवं भजन गायिका हेमलता राठौर ने खाटू श्यामजी के समुधर भजन 'मेरे दिल की है तमन्ना इक दिन खाटू श्याम तेर दरबार आऊंगा, ओ खाटू वाले श्याम तेरे दर पर भिखारी बनकर आया और झोली बनकर ले गया, मेरा तो बस एक ही रखवाला, श्याम बाबा प्यारा' जैसे भजनों की प्रस्तुति दी गई। यह भजन समधुर संगीतमय वाद्य यंत्रों के साथ प्रस्तुत किए गए। जिसमें हार्मोनियम पर प्रस्तुति जयंत पंवार एवं ढोलक पर प्रस्तुति पं. राहुल गोस्वामी ने दी। इस अवसर पर विशेष रूप से श्रीमती सीमा अशोक त्रिवेदी, अखिल त्रिवेदी, प्रिया त्रिवेदी, डॉ. सुमित सोनी, किर्ती देवल, श्याम प्रेमी रविराजसिंह राठौर, दीपक भावसार आदि सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरूष भक्तजन, युवा और बच्चें उपस्थित रहे।

> **भगवान की आरती कर प्रसादी वितरण हुआ**
>
> भजन संध्या का बड़ी संख्या में भक्तों ने आनंद लिया। इस दौरान सभी ने दोनो हाथ खड़े कर तालियां बजाने के साथ श्याम प्रभु की भक्ति में मंत्रमुग्ध होकर नृत्य किया। यह भजन संध्या रात करीब 1 बजे तक चली। बाद श्री खाटू श्याम सरकार की महाआरती कर भक्तजनों को फल, मिष्ठान आदि का प्रसाद वितरण किया गया। देवउठनी ग्यारस पर 1 नवंबर को श्री खाटू श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर विवेकानंद कॉलोनी में सचिन उपाध्याय के निवास पर श्री खाटू श्याम संकिर्तन का आयोजन रात 8.30 बजे से किया जाएगा।



# पांच दिवसीय दीपावली पर्व की हुई शुरूआत, बाजार में छाई रोनक

**झाबुआ।** 18 अक्टूबर, शनिवार से पांच दिवसीय दीपावली पर्व की शुरूआत हुई। प्रथम दिन धनतेरस पर्व मनाया गया। इस वर्ष तिथि एवं ज्योतिषों के अनुसार मुर्हुत को लेकर असमंजस है। तिथि अनुसार धनतेरस पर्व शनिवार को रहा। वहीं 19 अक्टूबर, रविवार को शहर में हाट बाजार होने से भी दिनभर खरीदी का क्रम चलेगा। 20 अक्टूबर, सोमवार को आधे दिन सुबह से लेकर शाम तक रूपचौदस होने के साथ शाम से लेकर रात तक दीपावली पर्व पर पूजन का मुर्हुत बताया गया है। 21 अक्टूबर, मंगलवार को नववर्ष के साथ गौ-वर्धन पूजा और गाय-गौहरी का पर्व मनाया जाएगा। 22 अक्टूबर, बुधवार को भाईदूज पर्व रहेगा।

पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व की शुरूआत के साथ लोगों ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर डेकोरेशन एवं सजावट के साथ बालिकाओं द्वारा घरों के आंगन में रांगोली निर्माण एवं दीपकों और विद्युत रोशनी से सज्जा भी शुरू हो गई है। लोग पर्व की खरीददारी में पूरी तरह से जुटे हुए है। दीपावली पर घरों को रोशन करने के लिए बाजार से मिट्टी के दीपक, घोड़े, मटकी के साथ धानी, पताशे, गन्नों आदि की खरीदी की जा रहीं है। पूजन सामग्रीयों की दुकानों पर भी विशेष भीड़ देखने को मिल रहीं है। इसके साथ ही एव्हरफ्रेश, किराना दुकानों पर भी बिक्री का क्रम चल रहा है। एव्हरफ्रेश व्यवसायी गोलू जैन ने बताया कि एव्हरफ्रेश में लोगों द्वारा गुलाब जामुन, रस गुल्ले, सोहन पपड़ी, चॉकलेट्स के साथ अन्य सामग्रीयों की खरीदी की जा रहीं है। पद्मावती किराना स्टोर्स के राजेन्द्र शाह ने बताया कि त्यौहारों को लेकर पिछले एक पखवाड़े से बिक्री अच्छी हो रहीं है.

# जिले में अलग-अलग क्षेत्रों से 20 गणमान्यजनों को सदस्य बनाया

**झाबुआ।** मप्र शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया तथा भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया के अनुमोदन उपरांत मप्र शासन के जनजातीय कार्य मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने जिला विकास सलाहाकर समिति का गठन किया है। जिसमें जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में ख्याति प्राप्त 20 नागरिकों को समिति का सदस्य नामांकित किया है।

ठत समिति में समाजसेवी श्यामा ताहेड़ ग्राम काजलीडूंगरी मेघनगर, उन्नत किसान शालिग्राम पाटीदार ग्राम करवड़, व्यापारी विनोद भंडारी पेटलावद, उद्योगपति लाखनसिंह सोलंकी झाबुआ, अभिभाषक दिलीप कुशवाह झाबुआ, चिकित्सक डॉ. वैभव सुराना झाबुआ, उन्नत किसान रमेश गुर्जर ग्राम मठ सारंगी, समाजसेवी रजनीश गामड़ झाबुआ को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

**एक नजर** इस बार प्रशासन ने प्रतिबध के आदेश के साथ स्वदेशी अर्थात भारत में निर्मित पटाखों की बिक्री के आदेश जारी किए है

# झाबुआ के उत्कृष्ट मैदान पर लगी पटाखों की 32 दुकानें

- इस बार विदेशी पटाखों पर प्रतिबंध के साथ स्वदेशी पटाखों की बिक्री के शासन-प्रशासन के आदेश
- प्रशासन एवं पुलिस ने सुरक्षा के किए इंतजाम



**झाबुआ।** पिछले वर्ष की इस तरह इस वर्ष भी दीपावली पर्व को लेकर पटाखों की दुकाने शहर के उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पर लगाई गई है। यहां पटाखों की करीब 32 दुकाने लगी है। इस बार शासन-प्रशासन के 'स्वेदशी अपनाओं, देश को आत्मनिर्भर बनाओं' की थीम पर विदेशी पटाखों के विक्रय एवं उपयोग पर पूर्णत: प्रतिबंध के आदेश के साथ स्वदेशी अर्थात भारत में निर्मित पटाखों की बिक्री के आदेश जारी किए गए है। इसके साथ ही उत्कृष्ट मैदान पर प्रशासन एवं पुलिस की ओर से सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए है।

उत्कृष्ट मैदान पर शहर के करीब 32 व्यवसाईयों ने शेड एवं टेंट लगाकर पटाखों की दुकान लगाई है। दुकानों के आगे नगरपालिका द्वारा पानी से भरी टंकियां एवं बाल्टी रखवाई गई है, ताकि आपात में यदि आग लगती है, तो तत्काल उस पर काबू पाया जा सके। इसके साथ ही नगरपालिका द्वारा फायर ब्रिगेड एवं नगरपालिका को विधायक निधि से प्राप्त पानी का टेंकर भी रखवाया गया है। वाहनों की पार्किंग पटाखों दुकानों से दूर रखी गई है। इस हेतु ट्रेफिक पुलिस की ओर से बेरीकेट्स लगाने के साथ सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस कर्मचारियों की तैनाती की गई है। नगरपालिका के कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई है। इन पटाखा दुकानों पर 5 दिवसीय दीपावली पर्व के दौरान भीड़ देखने को मिल रहीं है। शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी पटाखों की खरीदी के लिए पहुंच रहे है।

### भाव अधिक होने से ग्राहकी पर असर

पटाखा व्यवसायी कुंवर दशरथसिंह पंवार ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष पटाखों के भाव बढ़े है, जिसका ग्राहकी पर असर देखने को मिल रहा है। लोग सस्ते दर वाले एवं छोटे पटाखे अधिक खरीद रहे है। नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेष बिट्टू सिंगार ने बताया कि पटाखा स्थल पर नगरपालिका की ओर से सारी व्यवस्थाएं चॉक-चौबंद की गई है। पटाखा दुकाने 17 अक्टूबर, शुक्रवार से लगकर 20 अक्टूबर, दीपावली की रात तक लगी रहेंगी।